SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
WORKSHEET NO 3

NAME:_________________ DATE : ___________
CLASS: 8 DIV :______ SUBJECT: HINDI
Prepared By: PRASHANT B. LESSON-no व्याकरण- अपठित गद्यांश – पद्यांश

1) निम्न लिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |
धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बद्धि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं। इसके कारण मानव-मानव में घृणा ,इर्ष्या वैमनस्य कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।

.निम्न लिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

१ .मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है ?
२ .विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है ?
३ .देश में आज भी कौन-सी समस्या है ?
४ .मिट जाना’ मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए |
५ .उपर्युक्त गदयांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए |

2) निम्न लिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |
. जग-जीवन में जो चिर महान,
सौंदर्यपूर्ण और सत्यप्राण,
मैं उसका प्रेमी बनूं नाथ!
जिससे मानव-हित हो समान!
जिससे जीवन में मिले शक्ति
छूटे भय-संशय, अंधभक्ति,
मैं वह प्रकाश बन सकें नाथ!
मिल जावे जिसमें अखिल व्यक्ति !

प्रश्न

(क) कवि ने ‘चिर महान’ किसे कहा है?
(i) मानव को (ii) ईश्वर को (iii) जो सत्य और सुंदर से संपूर्ण हो (iv) शक्ति को

(ख) कवि कैसा प्रकाश बनना चाहता है?
(i) जिससे सब तरफ उजाला हो जाए। (ii) अज्ञान का अंधकार दूर हो जाए
(iii) जो जीने की शक्ति देता है। (iv) जिसमें मनुष्य सभी भेदभाव भुलाकर एक हो जाते हैं।

(ग) कवि ने 'अखिल व्यक्ति का प्रयोग क्यों किया है?
(i) कवि समस्त विश्व के व्यक्तियों की बात करना चाहता है। (ii) कवि अमीर लोगों की बात कहना चाहता है।
(iii) कवि भारत के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाहता है। (iv) कवि ब्रह्मज्ञानी बनना चाहता है।

(घ) कवि ने कविता की पंक्तियों के अंत में विस्मयादिबोधक चिह्न प्रयोग क्यों किया है?
(i) कविता को तुकांत बनाने के लिए (ii) कवि अपनी इच्छा प्रकट कर रहा है।
(iii) इससे कविता का सौंदर्य बढ़ता है। (iv) पूर्ण विराम की लीक से हटने के लिए

(ङ) कविता का मूलभाव क्या है?
(i) कल्याण (ii) अमरदान की प्राप्ति (iii) विश्व-परिवार की भावना (iv) सत्य की प्राप्ति

उत्तर-
(क) (ii)
(ख) (iv)
(ग) (i)
(घ) (ii)
(ङ) (iii)

SUB.TEACHER HOD COORDINATOR PRINCIPAL